**मॉडल टेस्ट पेपर 2022-23**

**विषय संस्कृत**

**कक्षा बारहवीं**

**समय: 3 घण्टे कुल अंक (लिखित 75+5 सुन्दर लिखाई) = 80 आन्तरिक मूल्यांकन= 20**

**प्रश्नपत्र में कुल 14 प्रश्न होंगे।**

**प्रश्न पत्र में तीन भाग (क से ग तक) होंगे।**

**अति लघूत्तर प्रश्न ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न) प्रश्न-पत्र के भाग क में कुल एक-एक अंक के 30 प्रश्न होंगे। •**

**सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।**

**भाग क**

**अति लघूत्तर प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)**

**इस भाग में मिलान से संबंधित अथवा हाँ/नहीं अथवा सही / गलत अथवा बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले, किसी भी प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।**

**प्रश्न 1. व्यावहारिक संस्कृत शब्द आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न 5x1=5**

**निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखें**

**1.इष्टिका= करेला यह शब्दार्थ सही है?**

**1.हाँ 2. नही**

**2.कर्तरी=कैंची यह शब्दार्थ सही है?**

**1.हाँ 2. नही**

**3.जीरक:=जीरा यह शब्दार्थ सही है?**

**1.हाँ 2. नही**

**4. इन्दीवरम् का अर्थ कमल है?**

**1.हाँ 2. नही**

**5. समोष: का अर्थ जलेबी है?**

1.हाँ 2. नही

6. खर्जूरम्  =खजूर यह शब्दार्थ सही है?

1.हाँ 2. नही

7.स्थालिका =थाली यह शब्दार्थ सही है?

1.हाँ 2. नही

प्रश्न 2.  समास आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न 5x1=5

निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखें। 5x1=5

1.ग्रामगत: = ग्रामं गत: यह समास विग्रह है?

1. सही 2. गलत

2.असत् = न सत् यह समास विग्रह है?

1. सही 2. गलत

3.युधिष्ठिर:= युधि स्थिर: यह समास विग्रह है?

1. सही 2. गलत

4.पाकशाला= पाकस्य शाला यह समास विग्रह है?

1. सही 2. गलत

5.राजपुरुष:=राज्ञ: पुरुष: यह समास विग्रह है?

1. सही 2. गलत

6.सिंहात् भीत: = सिंहभीत: यह समस्त पद है?

1. सही 2. गलत

7.शिवस्य पूजक:=शिवपूजक: यह समस्त पद है?

1. सही 2. गलत

अथवा

प्रश्न 2. प्रत्यय आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न 5x1=5

**निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखें-5x1=5**

**1. जेय: में यत् प्रत्यय है?**

**1. सही 2. गलत**

**2.गन्तुम् में तुमुन् प्रत्यय है?**

**2. सही 2. गलत**

**3.गमनीय: में अनीयर् प्रत्यय है?**

**1. सही 2. गलत**

**4.प्रष्टव्य: में तव्यत् प्रत्यय है?**

**1. सही 2. गलत**

**5.भवनम् में तुमुन् प्रत्यय है?**

**1. सही 2. गलत**

**6. हननम् में ल्युट् प्रत्यय है?**

**1. सही 2. गलत**

**7.द्रष्टव्य: में अनीयर् प्रत्यय है?**

**1. सही 2. गलत**

**प्रश्न3. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं 5 वाक्यों को शुद्ध करें। 5×1=5**

- **(i)** <u>ग्रामस्य</u> सर्वत: वृक्षा: सन्ति । ( ग्रामं / ग्रामेण)
- **(ii)** <u>मम</u> साकं चल। (मया / मयि)
- **(iii)** <u>देवं</u> नमः। (देवस्य / देवाय)
- **(iv)** धिक् <u>तस्कराय</u>। (तस्करम् / तस्करस्य)
- **(v)** <u>धनस्य</u> विना न सुखम्। (धनं / हे धन!)
- **(vi)** रामः <u>तेन</u> योग्यतरः अस्ति। (तस्मात् / तस्य)
- **(vii)** <u>पितुः</u> आगते पुत्रः अगच्छत् । (पितरि / पित्रा)

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर लिखो।1 x 5 = 5**

**1.आदिकवि किसको कहा जाता है? (महर्षि वाल्मीकि / महाकवि कालिदास)**

2. किस महाकाव्य को आदिकाव्य कहते हैं? (रामायण/ महाभारत)

3.महाभारत में कितने पर्व हैं ? (18 / 500)

4.किसके नाटकों को 'त्रिवेन्द्रमरूपकम्' कहा जाता है ? (बाणभट्ट को / भास को)

5. महाभारत के रचनाकार का नाम क्या है ? (महर्षि वेदव्यास / भवभूति)

6.बाण भट्ट के पिता का क्या नाम था ? ( चित्रभानु / हर्षवर्धन)

7.भवभूति कहाँ के निवासी थे ? (पद्मपुर/ थानेसर)

प्रश्न 5.शब्द रूप आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न 5x1=5

निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखें-

1.गौः गावौ गावः यह प्रयुक्त विभक्ति रूप है?

1.प्रथमा 2.द्वितीया 3.सप्तमी 4.सम्बोधन

2.पित्रे पितृभ्याम् पितृभ्यः यह प्रयुक्त विभक्ति रूप है?

1.संबोधन 2.तृतीया 3.षष्ठी 4.चतुर्थी

3. मित्रेण मित्राभ्याम् मित्रैः यह प्रयुक्त विभक्ति रूप है?

1.प्रथमा 2.द्वितीया 3.सप्तमी 4.तृतीया

4.बाला बाले बालाः यह प्रयुक्त विभक्ति रूप है?

1.प्रथमा 2.तृतीया 3.षष्ठी 4.पञ्चमी

5.अक्षि शब्द का अर्थ है?

1.आँख 2.चंद्रमा 3.नदी 4.जल

6. पयसा पयोभ्याम् पयोभिः यह प्रयुक्त विभक्ति रूप है?

1.द्वितीया 2.तृतीया 3.षष्ठी 4.प्रथमा

7. राजन् शब्द का अर्थ है?

1. राजा 2.पानी 3.कन्या 4. पिता

प्रश्न 6.निम्नलिखित धातु रूप में से किन्हीं पाँच धातु रूप के सही उत्तर लिखें।5x1=5

1.भवति भवत: भवन्ति में कौन सा लकार है?

1.लट्लकार 2.लोट्लकार 3.लृट्लकार 4.लङ्लकार

2.अव्रजम् अव्रजाव अव्रजाम में कौन सा लकार है?

1.लट्लकार 2.लोट्लकार 3.लृट्लकार 4.लङ्लकार

3.ज्ञास्यसि ज्ञास्यथ: ज्ञास्यथ में कौन सा लकार है?

1.लट्लकार 2.लोट्लकार 3.लृट्लकार 4.लङ्लकार

4.करोतु कुरुताम् कुर्वन्तु में कौन सा लकार है?

1.लोट्लकार 2.लट्लकार 3.लृट्लकार 4.लङ्लकार

5.दण्डयेत् दण्डयेताम् दण्डयेयु: में कौन सा लकार है?

1.लट्लकार 2.लोट्लकार 3.लृट्लकार 4.विधिलिङ्लकार

6.अहनम् अहनाव अहनाम में कौन सा लकार है?

1.लङ्लकार 2.लोट्लकार 3.लृट्लकार 4.लट्लकार

7.ग्रह् धातु का अर्थ है?

1.जानना 2.चमकना 3. ग्रहण करना 4.चुराना

भाग -ख

प्रश्न7. निम्नलिखित में से किसी दो गद्यांशों का हिंदी पंजाबी अथवा अंग्रेजी में अनुवाद करें-5×2=10

(क) मुनिर्ध्यानस्थः अभवत्। तस्य नेत्रे निमीलिते। अत्रान्तरे ब्रह्मनभसः तत्रावतीर्णः । तस्य प्रबल-तेजसा मुनेर्नयने स्वयम् उन्मीलिते। वाल्मीकिः सहसा उत्थितः ब्रह्मणः चरणयोः च पतितः । ब्रह्मा मुनिम् उत्थापितवान् एतत् वचः च अवदत्- महर्षे, जानामि अहं ते मनसः सन्तापकारणम्। मम प्रभावेणैव श्लोकः भवन्मुखात् निस्सृतः आसीत् । अतः धैर्यं न त्यक्तव्यम्। गच्छ निजाश्रमं सकलं रामचरितं च आद्यतः कुरु ।

(ख) अमृतसरसः खालसाकॉलेजे पूर्णसिंहेन देशविभाजनात् विस्थापितानां जनानां सेवा कृता । सत्यमेव, सेवाशीलः प्रतिपदे सेवावसरम् अन्वेषयति। शरणार्थी- शिविरे पीडितान् अहोरात्रं सेवमानः पूर्णसिंह: 'पिंगलवाडा' इति संस्थायाः शुभं बीजम् उप्तवान्। वस्तुतः सः दीनेभ्यः आश्रमं निर्मातुम् इच्छति यतो हि ते वीथिषु जनाघातान् सहन्तः न म्रियेरन् । सज्जनैः आरब्धं कार्यं सद्गुरु कृपया साफल्यमधिगच्छति एव।

(ग)गृहे पिता मुख्यो भवति परिवारस्य सदस्यैः पितुरादेशानां पालनमेवानुशासनं भवति तत्र सर्वेषां कार्याणामुचितरूपेण पूर्तिः भवति सर्वे च स्नेहेन व्यवहरन्ति । किन्तु यस्मिन् गृहे अनुशासनं न भवति तत्र कदाचिदपि शान्तिः न आयाति, सर्वं जीवनं दुःखमयं जायते। स्नेहेन तु तत्र स्थानमेव न वर्तते। एवमेव विद्यालये, महाविद्यालये, सार्वजनिक-संस्थासु, शासने सेनायां च सर्वत्र अनुशासनेन एवं कार्यं प्रचलति ।

प्रश्न 8. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं दो का प्रसंग सहित अर्थ हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेजी में लिखें-

(क) आयाहि त्वं गृहं पुत्र गृहकार्यं कुरुष्व च।

भाग्येषु ते न विद्यास्ति न तैलं सिकतास्विव ।।

ख) कः पथ्यतरः ? धर्मः कः शुचिरिह ? यस्य मानसं शुद्धम् ।

क: पण्डितः ? विवेकी, किं विषम् ? अवधीरणा गुरुषु ।।

(ग) कुग्रामवासः कुलहीन-सेवा कुभोजनं क्रोधमुखी च भार्या।

पुत्रश्च मूर्खो विधवा च कन्या, विनाग्निमेते प्रदहन्ति कायम् ।। 4 x 2 = 8

प्रश्न9. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के हिंदी में उत्तर लिखें। 2×3= 6

(i).क्रोध से ऋषि के मुख से अचानक क्या निकला ?

(ii) प्राणी किसके वश में रहते हैं ?

(iii) भारत का संविधान कब लागू हुआ ?

(iv) पापबुद्धि ने अपने पिता से क्या कहा ?

(v) शक्तिसिंह ने अपने भाई के प्राणों की रक्षा कैसे की ?

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर अपनी पाठ्य पुस्तक के आधार पर 2 x 3 = 6 संस्कृत में करें-2 x 3 = 6

(i) वरयात्रा कस्मात् स्थानात् आगमिष्यति ?

(ii) राजा प्रीत्या याचकाय किं समर्पितवान् ?

(iii) गुरुवर्य: माधोदासं किं नाम अयच्छत्

(iv) द्रौपद्याः पुत्राः केन हताः ?

(v) कस्य वैयाकरणस्य सम्बन्धः पंजाब प्रदेशेन सह अस्ति ?

प्रश्न11. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार का यथानिर्दिष्ट परिवर्तन करें-1x4 = 4

(i) त्वम् उचितमेव कथयसि ।(उत्तम पुरुष में)

(ii) तौ संस्कृतेन वार्तालापं कृतवन्तौ । (बहुवचन में)

(iii) सः निजमित्रैः सह युद्धाभ्यासं करोति । (लृट् लकार में)

(iv) एतत् कार्यं दुष्करम्। (एकवचन में)

(v)तस्य स्मरणं सर्वे कुर्वन्ति। (विधिलिङ् लकार में)

(vi) तपः सुनिष्ठितः कर्माणि करोति । (लङ् लकार में)

(vii) शीघ्रं वद। (बहुवचन में)

अथवा

प्रश्न 11.निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं चार शब्दों का संस्कृत वाक्यों में प्रयोग करें- 1x4 = 4

चकिता, संचितम् अर्थिनः, वन्दे भावुकः, प्राचीनः ।

भाग ग व्याकरण भाग

प्रश्न 12.निम्नलिखित अलंकारों में से किन्हीं दो की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें-

अनुप्रास, यमक, रूपक, उपमा। 2 x 3= 6

अथवा

प्रश्न 12.निम्नलिखित छन्दों में से किन्हीं दो की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें-

अनुष्टुप्, वंशस्थ, शिखरिणी, वसन्ततिलका 2 x 3= 6

प्रश्न13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में संस्कृत निबंध लिखें- 5

(i) परोपकारः ।

(ii) समाचारपत्राणां लाभाः ।

(iii)कश्चित् महापुरुषः।

अथवा

प्रश्न13.निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं आठ वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद करें-5

(i) गरीबों पर दया करो।

(ii) नारी के बिना जीवन निष्फल है।

(iii) भगवान शिव को नमस्कार।

(iv) वृक्ष से फल गिरते हैं।

(v) प्रकृति की शोभा देख ।

(vi) राम! यहाँ आओ।

(vii) घर में माता जी हैं।

(viii) मीठी वाणी बोलो।

(ix) मैं तुम्हारा मामा हूँ।

(x) बोपदेव ने गुरु की सेवा की।

प्रश्न 14. सुंदर लिखाई 5